रविवार

05 मार्च, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




अनियंत्रित हाइवा ने आधा दर्जन वाहनों को रौंदा, टेंपो चालक समेत दो की मौत 2



## महाकाल के दरबार में पहुंचे विराट-अनुष्का, भस्म आरती में हुए शामिल





इंदौर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों में मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया के पूर्व कप्तान व स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का के साथ उज्जैन पहुंचे। इस दौरान विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने शनिवार को सुबह महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। विराट और अनुष्का भस्म आरती में भी शामिल हुए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोहली ने इस दौरान गले में रुद्राक्ष की माला और पारंपरिक पोशाक धोती पहना हुआ था। साथ ही उनके मस्तक पर चन्दन का लेप लगा था। वहीं अनुष्का ने साड़ी पहना था। इस दौरान आमजन के रूप में ही महाकाल के दरबार में फर्श पर बैठ पूजा-अर्चना को देख रहे थे। हालिया महीनों में विराट कोहली ने कई धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की है। विराट कोहली ने इसी साल जनवरी में वृंदावन की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लिया था। खास बात यह है कि वृंदावन से लौटने के बाद कोहली ने श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शतक जड़ दिया था।

## सीएम योगी ने 114 नई बसों को दिखाई हरी झंडी





**केटी न्यूज/लखनऊ**

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक नई यूपीएसआरटीसी बस सेवा, राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। ये लखनऊ को सभी जिला मुख्यालयों से जोड़ेगी। विभिन्न रूटों के लिए 75 राजधानी एक्सप्रेस और 39 सामान्य बसों सहित 114 नई बसों को हरी झंडी दिखाई गई। राजधानी बसों में निर्धारित संचालन और सीमित ठहराव जैसी विशिष्ट विशेषताएं होंगी। बसें सभी जिला मुख्यालयों से सुबह 9.30 बजे या उससे पहले लखनऊ पहुंचेंगी और शाम 5 बजे लखनऊ से विभिन्न गंतव्यों के लिए प्रस्थान करेंगी। बसें प्रतिदिन चलेंगी।

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों में आपातकालीन बटन लगाए गए हैं। बसों के अंदर 'यात्री प्लाजा' का मेन्यू, रेट लिस्ट और मोबाइल नंबर डिस्प्ले किया जाएगा, ताकि यात्री अपना ऑर्डर पहले से बुक कर सकें। नई बसें यूरो 6 वाहन हैं। यूपीएसआरटीसी के 50 साल पूरे होने पर निगम की बसों में सीटों की एडवांस बुकिंग और डिजिटल पेमेंट के लिए यूपी राही ऐप के साथ एक विशेष पोस्टर कवर भी लॉन्च किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने इन दर्जनों नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम ने यूपीएसआरटीसी के नये ऐप और डाक टिकट का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, विभागीय मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रमुख सचिव होम संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे। इन नई बसों में यात्रियों की सुविधाओं के लिए कई प्रकार हाईटेक सुविधाएं मिलेगी। जैसे यात्रियों को सीट बुकिंग के लिए ऑनलाइन रिजर्वेशन की सुविधा मिलेगी। किराये का भुगतान क्रेडिट व डेबिट कार्ड से किया जा सकेगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन होगा। बसों की लोकेशन के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) डिवाइस लगा होगा।

### खबरें फटाफट

## स्पाइसजेट फ्लाइट का हवा में हुआ ब्रेक फेल, हादसा टला

**पटना।** दिल्ली से पटना आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट का शुक्रवार की रात हवा में ही ब्रेक फेल हो गया। फ्लाइट आरा तक पहुंच गई थी। पटना में लैंडिंग से पहले फ्लाइट में आई गड़बड़ी का पायलट को पता चल गया। जिसके बाद फ्लाइट को वाराणसी के लिए डायवर्ट करना पड़ा। इस दौरान दिल्ली से पटना आने वाले 138 यात्रियों की सांसें अटकी रहीं। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट की एसजी फ्लाइट 8721 दिल्ली से पटना आ रही थी। फ्लाइट को शुक्रवार की सुबह 8.30 बजे पटना एयरपोर्ट पर लैंड करना था। एटीसी ने अनुमति दे दी थी, लेकिन उड़ान भरने के बाद हवा में ही ब्रेक में गड़बड़ी होने का पता चला। पटना का रनवे छोटा होने के कारण पायलट ने विमान की लैंडिंग नहीं कराई और फ्लाइट को वाराणसी ले गए। वाराणसी में एटीसी से अनुमति लेकर उसकी लैंडिंग करवाई। इस फ्लाइट से दिल्ली से पटना आने वाले यात्रियों की संख्या 138 थी। इस फ्लाइट ने वाराणसी से उड़ान भरने के बाद करीब तीन घंटे देर से 11.30 बजे पटना एयरपोर्ट पर लैंड किया और 12.05 बजे 140 यात्रियों को लेकर दिल्ली रवाना हो गई। इस विमान से पटना से दिल्ली जाने वाले यात्री तीन घंटे तक परेशान रहे। फिर से यह फ्लाइट वाराणसी से उड़ान भरने के बाद करीब तीन घंटे देर से 11.30 बजे पटना एयरपोर्ट पर उतरी।

### सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर रवाना हुई टीम में दो तमिलनाडु के

# बिहारियों पर हुए हमले का पता लगाने तमिलनाडु गई जांच टीम

**एजेंसी/पटना**

तमिलनाडु में रह रहे बिहार के लोगों पर हुए कथित हमले की सच्चाई की जांच करने बिहार सरकारी की चार सदस्यीय स्पेशल टीम शनिवार को तमिलनाडु रवाना हुई। इन चार अधिकारियों में से 2 मूल रूप से तमिलनाडु के ही रहने वाले हैं। इनके जाने से वहां भाषा की दिक्कत नहीं आएगी और बातों को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। इधर, इस मामले में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि हम अपने प्रवासी भाइयों की सुरक्षा करेंगे। दहशत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने वाले देश की अखंडता के खिलाफ हैं।

बिहारी मजदूरों की स्थिति का जायजा लेने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बाला मुरुगन डी पटना एयरपोर्ट से तमिलनाडु के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि अभी वह जाकर वहां की स्थिति का जायजा लेंगे। फिर सरकार को उसकी रिपोर्ट भेजेंगे। उनके साथ तीन और अधिकारी तमिलनाडु के लिए रवाना हुए हैं। इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि परसों ही अखबारों से मुझे हमले की जानकारी मिली। इसके बाद मैंने अधिकारियों को इसे देखने के आदेश दिए थे। अधिकारियों ने वहां के अधिकारी से बात की है। आज हमारी टीम जा रही है। वहां एक-एक चीज को देखेगी। हर पहलू से जांच होगी। बता दें कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भाजपा ने इसकी मांग की थी। प्रतिपक्ष के नेता विजय सिन्हा और विधान परिषद के प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी और डीजीपी आर एस भट्टी को बुलाकर टीम बनाने को कहा और उन्हें बहुत जल्द तमिलनाडु भेजने की बात कही थी।





## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश ने सीजेएम कोर्ट में स्टालिन के खिलाफ परिवाद दायर कराया है। इस मामले पर कोर्ट आगामी 18 मार्च को सुनवाई करेगी। कटरा थाना क्षेत्र धनौर निवासी वेद प्रकाश ने विभिन्न धाराओं के तहत तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर कराया है। दायर परिवाद में यह आरोप लगाया गया है कि तमिलनाडु में रह रहे बिहार के मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है और हत्या के बाद उनके शवों को भी गायब कर दिया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को उनका शव तक नहीं मिल रहा है।

## बिहारियों पर बर्बरता हो रही है, नीतीश पल्ला झाड़ रहे हैं: चिराग

बिहारियों पर तमिलनाडु में हो रहे कथित हमले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहे हैं। सीएम नीतीश पर यह आरोप लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को लगाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं जिसमें पीड़ितों को लेकर दावा किया जा रहा है कि वे बिहार मूल के हैं। उनके साथ तमिलनाडु में मारपीट हुई है। बिहारियों को इस तरह से पीटा जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सीएम नीतीश पर हमलावर होते हुए कहा कि बिहारियों के खिलाफ बर्बरता हो रही है। लेकिन, सीएम नीतीश पल्ला झाड़ रहे हैं। उनके उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तमिलनाडु में जाकर जन्मदिन का केक काटते हैं। लेकिन बिहारियों पर हमले की घटना पर उनका मुंह नहीं खुल रहा है। दूसरी ओर सीएम नीतीश कहते हैं कि हमने अधिकारियों को भेज दिया है। नीतीश को बताना चाहिए कि उन्होंने तमिलनाडु के सीएम से क्यों नहीं खुद बात कर बिहारी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

## राजीव मिश्रा बने पटना के नये एसएसपी

**पटना।** आईपीएस राजीव मिश्रा को पटना का नया एसएसपी बनाया गया है। ये 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। हाल ही में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस बिहार लौटे हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान राजीव मिश्रा सीबीआई में काम कर रहे थे।वहीं आईपीएस मानवजीत सिंह ढिल्लों आर्थिक अपराध इकाई के नए डीआईजी बनाए गए हैं साथ ही इन्हें मद्य निषेध का अतिरिक्त प्रभार मिला है। 2009 बैच के इस अधिकारी को दिसंबर महीने में ही इन्हें प्रमोशन मिला था। एसपी से डीआईजी बनाए गए थे, लेकिन मिलने के बाद भी आईपीएस मानवजीत सिंह ढ़िल्लों को राज्य सरकार ने उन्हें पटना का एसएसपी बनाए रखा।

### कोलकाता में एडिनो वायरस के बढ़ते प्रकोप के बीच लोकल सर्कल्स नाम की संस्था ने 1000 से अधिक घरों में किया सर्वे

# हर 10 में से चार परिवार के सदस्य को खांसी-जुखाम ने जकड़ा

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बीते कुछ दिनों से एडिनो वायरस का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। आए दिन ये वायरस छोटे-छोटे बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। वहीं अब लोकल सर्कल्स नाम की एक संस्था ने कोलकाता में सर्वे किया है, जिससे पता चलता है कि पिछले 30 दिनों में 10 में से चार परिवारों में एक या एक से अधिक व्यक्ति लगातार खांसी, जुकाम, थकान, शरीर में दर्द व बुखारी जैसी हेल्थ कंडीशन से पीड़ित है।

लोकल सर्कल ने शहर के 1,000 से अधिक घरों में इस सर्वे को किया है। सर्वे में 63 प्रतिशत पुरुषों और 37 प्रतिशत महिलाओं



ने अपने जवाब दर्ज करवाए। सर्वे से पता चला है कि 13 प्रतिशत लोगों के परिवार का एक सदस्य या एक से अधिक सदस्य खासी, बुखार और जुकाम से जूझ रहा है। वहीं, 13 प्रतिशत लोगों ने कहा है कि उनके परिवार के 2 से 4 सदस्य बीमार हैं।

**सीरियस मामले एडिनो वायरस के हैं:** डॉक्टरों ने बताया कि स्कूली बच्चे एडिनो वायरस से प्रभावित हैं और ज्यादातर का इलाज ओपीडी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने ये भी बताया कि ज्यादा सीरियस मामले एडिनो वायरस से संबंधित हैं। डॉक्टरों ने कहा कि कई लोगों के लिए आरटी-पीसीआर महंगा है और कुछ केस में तो श्वसन पैनल परीक्षण के लिए कहा जाता है, जो 4 से 5 हजार रुपये और महंगा है। डॉक्टरों ने यह भी बताया है कि कोविड महामारी के दौरान जान बचाने वाला ईसीएमओ अस्पताल में फिर से उपयोग में हैं।

**एडिनो वायरस क्या है:** क्लीवलैंड क्लिनिक की एक रिपोर्ट के अनुसार, एडिनो एक ऐसा वायरस है जो आपके शरीर को कई तरह से संक्रमित कर सकता है, हल्के से लेकर गंभीर तक। एडिनो वायरस संक्रमण ज्यादातर श्वसन प्रणाली को प्रभावित करते हैं। ये रोग नियमित सर्दी या फ्लू के लक्षणों की तरह ही होता है। अधिकांश वायरल संक्रमण हल्के होते हैं और केवल लक्षणों को कम करने की आवश्यकता होती है। वैसे तो एडिनो वायरस संक्रमण पूरे साल कभी हो सकता है, लेकिन ये सर्दियों में चरम पर होता है। एडिनो वायरस सभी उम्र के लोगों में बीमारी का कारण बन सकता है। हालांकि, पांच साल से कम उम्र के बच्चों में ये काफी कॉमन है। एडिनो वायरस भीड़भाड़ वाली परिस्थितियों में वयस्कों में फैल सकता है और वायरस अक्सर अस्पतालों और नर्सिंग होम में भी फैलता है।




## खबरें फटाफट

### कपड़ा व्यवसायी से लूटपाट में एक अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के कोलोडिहरी मोआप कला मोड के समीप पिछले दिनों कपड़ा व्यवसायी से लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूटा गया मोबाइल, पैन कार्ड व आधार कार्ड बरामद किया गया है। लूट में इस्तेमाल बाइक भी जब्त की गयी है। गिरफ्तार अपराधी चौरी थाने के बहुआरा छपरा गांव निवासी उमेश सिंह का पुत्र संजीव कुमार उर्फ गुड्डू है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि गत आठ फरवरी की शाम करीब आठ बजे कोलोडिहरी मोआप कला रोड के समीप अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर कपड़ा व्यवसायी लाल तिवारी से मोबाइल और सोने सहित अन्य सामान की चेन छीन लिया गया था। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। इसके बाद शुक्रवार की रात लूटपाट में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। दो अन्य की भी पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से दो अज्ञात युवकों की मौत हो गई। पहली घटना दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के पुरवारी गुमटी स्थित ओवर ब्रिज के नीचे अप लाइन की है। जहां शनिवार की सुबह ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। करवाया। उसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस के द्वारा समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरकर कटने से हुई।

## एकमा छपरा रोड पर दाउदपुर मोड़ पर हुआ भीषण हादसा, तीन की गई जान, घटना के बाद मची रही अफरातफरी

# अनियंत्रित हाइवा ने आधा दर्जन वाहनों को रौंदा, ट्रैक्टर के पलटने से टेंपो चालक समेत दो युवकों की दबने से मौत

- बाल-बाल बचे ट्रैक्टर चालक और टेम्पो में बैठा एक यात्री
- मोड़ पर खड़े पिकअप वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई हाइवा
- घटना से आक्रोषित मृतक के परिजनों ने दाउदपुर थाना के समीप जाम किया सड़क

**केटी न्यूज/छपरा**

सारण जिले के दाउदपुर थाना अंतर्गत एकमा छपरा रोड पर दाउदपुर दुमदुमा मोड़ के समीप शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक अनियंत्रित हाइवा ने बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर को टक्कर मारते हुए आधा दर्जन वाहनों को रौंदा डाला। जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर और बालू के नीचे दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक तीनों की जान जा चुकी थी। इस बीच सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर चली गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि दाउदपुर मोड़ के समीप एक पिकअप और यात्रियों को बैठाने के लिए एक टेम्पो चालक अपने वाहन के साथ खड़ा था। टेम्पो में एक यात्री बैठा हुआ था। इस बीच दुमदुमा की ओर से तेज रफ्तार ट्रैक्टर बालू लेकर दाउदपुर बाजार की ओर जा रहा था। तभी छपरा की ओर से एक हाइवा तेज रफ्तार में आ रही थी। ट्रैक्टर चालक ने हाइवा को अनदेखा कर दाउदपुर बाजार की ओर अपनी गाड़ी घुमाई। मोड़ पर खड़े पिकअप वाहन को बचाने के चक्कर में हाइवा अनियंत्रित हो गई। जब तक हाइवा चालक कुछ समझ पाता, तब तक उसने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी और उसे घसीटते हुए आगे बढ़ा। तभी एक बाइक पर दो बाइक सवार युवक दुमडुमा मोड़ की ओर गाड़ी मोड़ रहे थे। वो भी ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। उनके बाद टेम्पो भी दुर्घटना की चपेट में आ गया। हाइवा की टक्कर से ट्रैक्टर के नीचे बाइक और टेम्पो आ गया। वहीं, ट्रैक्टर पर लदे बालू के नीचे और डल्ले के नीचे आने से टेम्पो चालक समेत बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई।









### मृतकों में एक की तीन दिन पहले ही हुई थी शादी

दुर्घटना में जिन तीन लोगों की मौत हुई उनमें दो दाउदपुर पंचायत के निवासी थे। टेम्पो चालक मुन्ना महतो दाउदपुर पंचायत स्थित खरवार गांव का रहने वाला है। वहीं, बाइक सवार हर्षपुरा निवासी सुनील राम का बेटा अनिकेत राम तथा लेजुआर निवासी सुशील कुमार राम शामिल हैं। बताया जाता है कि सुशील कुमार राम की तीन दिन पहले ही शादी हुई थी। वो सुनील कुमार के रिश्तेदार का बेटा था। जो उनकी घर में होने वाली शादी में आया था। बताया जाता है कि सुनील कुमार के भतीजे की शादी पांच मार्च को होने वाली थी। घर में शादी का माहौल था। दोनों लड़के बाजार किसी काम से आए थे। लेकिन, उनकी जगह उनके मरने की खबर परिजनों तक पहुंची। वहीं, टेम्पो में बैठा हुआ व्यक्ति और ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गए। लेकिन, ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोट आई है। जिसका इलाज चल रहा है। ट्रैक्टर चालक व हाइवा चालक की लापरवाही के कारण तीन लोगों की जान चली गई। लगातार हो रहे हादसों के बाद भी लोग इससे सबक नहीं ले रहे। ऐसे में जरूरत है निरंतर जागरुकता अभियान चलाने की।

### पुलिस की लापरवाही से फूटा लोगों का गुस्सा

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों के शवों को बाहर निकाला। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाईवा चालक को पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई की। तब तक पुलिस वहां पहुंच गई। जिसके बाद उन्होंने हाइवा चालक को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वहीं, पुलिस ने तीनों शवों को एक टेम्पो पर लाद कर थाने ले गई। इस बीच घटना स्थल से किसी ने बाइक सवार युवकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन फानन में मौके पर पहुंचे। जहां खड़े पुलिस जवानों ने उन्हें बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। यह सुनने के बार मृतकों के परिजन बाइक से छपरा सदर अस्पताल निकल पड़े। लेकिन, जब वो अस्पताल पहुंचे तो उन्हें शव नहीं मिला। जिसके बाद वो वापस दाउदपुर थाने पहुंचे। जहां टेम्पो पर उन्हें तीनों शव दिखे। उसके बाद लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया।

**कई बार हुए हैं हादसे, प्रशासन अविलंब कराए ब्रेकर : विजय प्रताप सिंह**
घटना के बाद पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह उर्फ चुन्नू सिंह ने कहा कि दाउदपुर मोड़ के समीप कई बार हादसे हुए हैं। एनएच बनने के बाद वाहन तेज रफ्तार में आना जाना करते हैं। इसके लिए प्रशासन मानक के अनुसार ब्रेकर बनवाए। जिससे ऐसी घटनाएं न हों। वहीं, उन्होंने स्थानीय लोगों से ट्रैफिक के नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं। ताकि, वो दुर्घटना से बच सके।

**ट्रैक्टर चालक की थी गलती :** घटना स्थल पर मौजूद जैतपुर निवासी राज कुमार यादव ने बताया कि ट्रैक्टर चालक बालू लाद कर तेजी से जैतपुर तिवारी टोला की ओर से दाउदपुर बाजार जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने उसको धीरे चलाने की आवाज दी। लेकिन वो सबकी बात अनसुनी कर तेज रफ्तार से ट्रैक्टर भगाने लगा। वहीं, थोड़ी देर में ही दाउदपुर दुमदुमा मोड़ पर उन्हें घटना की सूचना मिली।

## हिमाचल से आ रही शराब की बड़ी खेप के साथ सप्लायर समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत आरा-मोहनियां हाईवे पर बभनिआंव स्थित टोल प्लाजा के समीप पुलिस द्वारा ट्रक पर अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की गयी है। सूबे के एक बड़े शराब सप्लायर सहित तीन धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है। शराब की खेप हिमाचल से ले जायी जा रही थी।

गिरफ्तार धंधेबाजों में मधुबनी के मधेपुरा थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव निवासी मनीक चौपाल के पुत्र चंद्रशेखर चौपाल, हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के थाना संग्रह क्षेत्र के नौराधार सिरमौर गांव निवासी कमल राज के पुत्र अभिषेक और शिमला जिले के कुमार सेन थाना क्षेत्र के ननाजा गांव निवासी बहादुर का पुत्र संजीव भगत शामिल हैं। इनमें चंद्रशेखर चौहान शराब का मेन सप्लायर है। वह पूरे बिहार में शराब की सप्लाई करता है। तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है।

एसपी प्रमोद कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आरा-मोहनियां हाईवे होते बभनिआंव टोल प्लाजा के रास्ते ट्रक से शराब की खेप जा रही है। उस आधार पर जगदीशपुर एसडीपीओ जगदीशपुर राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनिआंव टोल प्लाजा के पास सघन चेकिंग कर एक ट्रक से करीब 735 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी।

## स्कॉर्पियो ने ससुराल जा रहे कोचिंग संचालक को रौंदा, मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के कुंडेश्वर गांव के समीप आरा-बक्सर फोरलेन पर शनिवार सुबह बेलगाम स्कॉर्पियो ने बाइक सवार कोचिंग संचालक को रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी कोचिंग संचालक की इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव निवासी कामेश्वर ओझा का 26 वर्षीय पुत्र अजय कुमार उर्फ पंकज ओझा था। वह सहजौली गांव में कोचिंग चलाता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो पर सत्ताधारी दल के एक पार्टी का झंडा लगा हुआ था।



इधर, पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो पर छोड़ दिये जाने की अफवाह फैल गयी। उससे लोग आक्रोशित हो उठे और जमकर हंगामा किया। उससे काफी देर तक अपरातफरी मच गयी। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, इंस्पेक्टर कामेश्वर कुमार, शाहपुर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार, करनामेपुर ओपी इंचार्ज मनीष कुमार, बहोरनपुर ओपी प्रभारी अभय शंकर, बिहिया थाना प्रभारी उदय भानु सिंह समेत कई थानों की पुलिस शाहपुर थाना पहुंच गयी। अफसरों द्वारा ड्राइवर को छोड़ने की बात को अफवाह बताया गया। कहा गया कि सुरक्षा की दृष्टि से उक्त स्कार्पियो चालक को आरा में रखा गया है। पुलिस हर तरह मदद करने को तैयार हैं। उसके बाद नागरिकों का गुस्सा शांत हुआ और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### पत्नी को लाने यूपी जाने के दौरान हुआ हादसा

मृतक के चचेरे भाई मोनू ओझा ने बताया कि शनिवार को पंकज पत्नी को लाने बाइक से अपने ससुराल गाजीपुर जिला के कनवान गांव जा रहा था। उसी दौरान कुंडेश्वर गांव के पास स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। उससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान बिहटा के समीप उसने दम तोड़ दिया।



## एक नजर

### हर पंचायत के टोला में भीम चौपाल लगा बाबा साहेब के सपने को किया जा रहा साकार : मंत्री

**जहानाबाद।** जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्त्ता ने भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी का भव्य स्वागत किया। गया जिले में आयोजित भीम संवाद में जाने के दौरान कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा जिले के हर पंचायत अनुसूचित जाति के टोला में भीम चौपाल लगाकर डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के अधूरे सपने को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने एससी/एसटी के छात्रावास में रहने वाले छात्र एवं छात्राओं को प्रतिमाह 15 किलो मुफ्त अनाज और आवश्यकता की पूर्ति हेतु एक हजार रुपएअनुदान दिया जा रहा है। राज्य के सभी 40 पुलिस जिले में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए विशेष थानों की स्थापना की गई है। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 60 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है। स्वागत करने वाले में महेंद्र कुमार सिंह, जय प्रकाश, नारायण चंद्रवंशी, निरंजन केशव प्रिंस, रंगनाथ शर्मा, रामभवन सिंह कुशवाहा, अमित कुमार पम्मु, सिया देवी, निरंजन कुमार अम्बेडकर, मुरारी यादव, धनंजय दास, पंकज शर्मा, मनीष शर्मा, फेकन्न चौधरी, कृष्णा कुमार, कृष्णदेव कुमार व अन्य लोग शामिल रहे।



### होली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार, इसके कई पौराणिक महत्व: जिला परिषद अध्यक्ष

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि होली हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है। जिसके कई पौराणिक महत्व है। इस त्यौहार को लेकर प्रहलाद- होलिका-हिरण्यकश्यप के साथ और भी कई महत्वपूर्ण कथाएं हैं। जिला परिषद अध्यक्ष ने स्काउट- गाइड को होली की बधाई के साथ शुभकामनाएं दी। सम्मानित अतिथि जदयू नेता -सह-सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का प्रतीक है। आज विभिन्न दलों के नेता इस परिसर में उपस्थित होकर इसका गवाह है। जबकि भाजपा नेता शशि रंजन ने इस पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। होली मिलन समारोह का संचालन कर रहे जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया । इस अवसर पर स्वामी सहजानंद सरस्वती पुस्तकालय के संयोजक राज किशोर शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि नारायण द्विवेदी, भाजपा नेता अनिल ठाकुर, विजय सत्कार, वार्ड पार्षद नीरज कुमार, राजद नेता रमेश यादव, शिक्षक नेता मुकेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार ने होली की शुभकामना दी।



## लोगड़खा के जलाल बसंत पंचायत में मां भगवती पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की हुई बैठक

# हाथीपांव मरीजों की गंभीरता के आधार पर श्रेणी तय कर बनेगा दिव्यांगता प्रमाणपत्र

- बैठक में एमडीए और मॉप अप राउंड के दौरान आने वाली समस्याओं पर की गई चर्चा

**केटी न्यूज/छपरा**

जिले में एमडीएम (सर्वजन दवा सेवन) कार्यक्रम के तहत मॉप राउंड का समापन हो गया है। इस क्रम में जिले के गड़खा प्रखंड स्थित जलाल बसंत पंचायत के नारायाणपुर में मां भगवती पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मॉप अप राउंड में आशा कार्यकताओं और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान आशा कार्यकताओं ने अभियान के दौरान आ रही समस्याओं को रखा। बताया कि मॉप अप राउंड के दौरान भी लोगों ने एक दो स्थानों पर दवाओं का सेवन करने से मना किया। लेकिन, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों द्वारा उनके समझाने के बाद ही उन्हें दवाओं का सेवन करने के लिए मनाया गया। आशा कार्यकर्ता लीलावती देवी ने बताया कि मॉप राउंड के दौरान दवा का सेवन करने के बाद एक महिला में एडवर्स इफेक्ट की सूचना मिली। जिसके बाद वो तत्काल उनके घर जाकर वीबीडीएस मारुति करुणाकर से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी गई। जिसके बाद हालात पर काबू पाया गया। प्रखंड कोऑर्डिनेटर नवीन कुमार ने पेशेंट सपोर्ट से जुड़े लोगों को पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें दवा का सेवन कराने की बात कही। इस पर पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य सुनीला देवी और रीता देवी ने कहा कि वो जाकर लोगों को समझाएंगी और उन्हें दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करेंगी। बैठक में पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को फाइलेरिया रोधी दवाओं के उचित सेवन की जानकारी दी गई।





**हाथीपांव मरीजों को दिव्यांग सर्टिफिकेट देने की तैयारी :** बैठक के दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को बताया गया कि सरकार मरीजों को फाइलेरिया से बचाने के साथ-साथ उन्हें अन्य सहायता दिलाने की तैयारी में है। सरकार फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों को दिव्यांग सर्टिफिकेट देने की तैयारी कर रही है। हालांकि, सरकार इसके लिए कुछ मापदंड तय करेगी। जिसके बाद दिव्यांगों को सर्टिफिकेट बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को बताया गया कि हाथीपांव मरीजों को गंभीरता के आधार पर श्रेणी तय कर दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके लिए चार तरह के ग्रेड तय किए गए हैं। उन ग्रेड के आधार पर मरीजों को प्रमाणपत्र मिलेगा जिसके अनुसार उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर मरीजों को सभी सरकारी योजनाओं के आरक्षण, रेलवे यात्रा या अन्य दिव्यांगजनों को मिलने वाला लाभ उपलब्ध हो सकेगा।

### पहले की अपेक्षा अधिक मिल रहा मरीजों को सपोर्ट

मां भगवती पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य रीता देवी व सुनीला देवी ने आगामी दिनों में भी स्वास्थ्य विभाग की मदद करने का भरोसा दिलाया। कहा कि हमारे समय में मरीजों का इतना सपोर्ट नहीं मिलता था। लोग शर्म व निंदा से बचने के लिए फाइलेरिया पर चर्चा भी नहीं करते थे। लेकिन आज के हालात बदल गए हैं । सरकार, स्वास्थ्य विभाग और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसके कारण अब मरीजों का हौसला भी बढ़ने लगा है। इसलिए आगामी दिनों में जब भी और जहां भी विभाग द्वारा उन्हें सहयोग के लिए बुलाया जाएगा, वो जरूर आएंगी और फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में विभाग की सहायता करेंगी।

सुविचार



महात्मा गांधी

मानवता सागर के समान है, अगर सागर की कुछ बूंदें गंदी हों तो पूरा सागर गंदा नहीं हो जाता।

मौसम अधिकतम : 34° न्यूनतम : 19°

सर्राफा सोना : 51900 (22 कैरट) चांदी : 66900 (1 किलो)

बड़ी खबर होली में अश्लील गीत बजाने पर जाना होगा जेल

केशव टाइम्स

बक्सर, 05 मार्च 2023



## खबरें फटाफट

### बाइक व कार की टक्कर में बाइक चालक जख्मी

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के महादेवगंज में शनिवार को बाइक कार की टक्कर में बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक डिहरा निवासी बहादूर सिंह है। जिसे स्थानीय लोगों ने महादेवगंज के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज कराया। वही दुर्घटना के बाद कार चालक अपनी वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जाता है कि कार के एयर बैग के कारण कार चालक एवं उसमें सवार सुरक्षित निकल भागे थे। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि जख्मी युवक अपने ननिहाल से मौडिहां महादेवगंज संपर्क मार्ग से अपने गांव जा रहा था। जैसे ही युवक महादेवगंज में एनएच 319 पर बाइक पहुंची कि मलियाबाग से आरा की तरफ तेज रफ़्तार में जा रही कार से टक्कर हो गई।

### निजी स्कूल 31 तक कराएं निबंधन

**बक्सर।** शनिवार को डीएम अमन समीर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में शिक्षा के अधिकार अधिनियम पर चर्चा हुई तथा आरटीई के तहत प्रवेश क्षमता के 25 फीसद सीटों पर स्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में नामांकन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रवेश के विरूद्ध पूर्व के वर्षों में निर्धारित संख्या से कम नामांकन हुआ है। समीक्षोपरान्त जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि जो निजी विद्यालय निबंधित नहीं है उन्हें 31 मार्च तक निबंधन कराने का निर्देश दिया जाए।

# बक्सर नप क्षेत्र के विकास के लिए 1.36 अरब के बजट का दिया गया प्रपोजल

- बक्सर नगर परिषद की स्थायी सशक्त समिति की बैठक संपन्न
- समिति के कई सदस्यों ने दिए गए बजट प्रपोजल में संशोधन की मांग की

**केटी न्यूज/बक्सर**





शनिवार को बक्सर नगर परिषद के सशस्त स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के विकास के लिए बजट पेश किया गया। ईओ प्रेम स्वरूपम ने कुल 1 अरब 36 करोड़ 59 लाख, 82 हजार रूपए का भारी भरकम बजट प्रस्तुत किया। हालांकि कई सदस्यों ने इस बजट में संशोधन की मांग की है। सदस्यों ने बक्सर नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र का हवाला देते हुए इसे और बढ़ाने की मांग की। बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले इस पर सदस्यों के बीच चर्चा आयोजित की गई थी। बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम बजट प्रस्तुत करते हुए सदस्यों से सुझाव मांगा। इस पर स्थायी सशक्त समिति के वरिष्ठ सदस्य तथा पूर्व उममुख्य पार्षद इंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबन सिंह ने आपत्ति जताई और कहा कि नप क्षेत्र का विस्तार हुआ है ऐसे में यह रकम कम जान पड़ता है। उन्होंने बजट की राशि को और बढ़ाने की मांग की। उनके साथ कई अन्य सदस्यों ने भी इस पर सहमति जताते हुए इसे बढ़ाने की मांग की। इसके बाद इसे अगली बैठक में पुनर्विचार करने को कहा गया। पुनर्विचार के बाद ही फाइनल बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

इस बार जनता द्वारा सीधे चेयरमैन और उप चेयरमैन का चुनाव किया गया है। जिससे आम जनता को बहुत अपेक्षा है। इस समिति द्वारा भी सफाई के नाम पर बजट में तिगुने की वृद्धि से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि आखिर पिछले साल की तुलना में तिगुनी रकम किस तरह की सफाई पर खर्च होगी। बैठक में मुख्य पार्षद कमरून निशा, उप मुख्य पार्षद इशरत बानो, सदस्य इंद्र प्रताप सिंह, राजू कुमार राय, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, अंजू सिंह तथा नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद रहीं।

### विस्तारित क्षेत्र के बावजूद पिछले साल से मामूली बढ़त वाला है बजट

सदस्यों ने कहा कि पिछले वर्ष जब नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार नहीं हुआ था तब 1 अरब 18 करोड़ रूपए का बजट पारित हुआ था। उस लिहाज से इस बार मामूली बढ़त किया गया है। जबकि इस बार नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार हुआ है। कई नए इलाके नप क्षेत्र में शामिल हुए है। उस लिहाज से इस बजट को और अधिक करना चाहिए था। यही कारण है कि इस सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। सदस्यों के आपत्ति के कारण ही अगली बैठक में पुनर्विचार का निर्णय लिया गया है।

### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार स्वच्छता अभियान पर खर्च में तिगुना की वृद्धि

प्रस्तावित बजट में स्वच्छता अभियान पर जोर दिया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार स्वच्छता अभियान पर किए जाने वाले खर्च में तिगुना की वृद्धि की गई है। हालांकि इस पर भी कई सवाल खड़े हो रहे है। भले ही इस बार नए परिसिमन में 34 से 42 वार्ड हो गए है। बावजूद तिगुने की वृद्धि आम लोगों के गले नहीं उतर रही है। इस बार बजट में तिगुने की वृद्धि से यह चर्चा होने लगी है कि कहीं फिर से इस मद में भ्रष्टाचार को बढ़ावा न मिले।

### आठ थानों की पुलिस ने दो घंटें तक कैदी वार्ड को खंगाला, मिला सिर्फ रेजर व पंखें का कंडेंसर

# अहले सुबह पुलिस टीम ने बक्सर जेल में मारा छापा, नहीं मिला आपत्तिजनक सामान

- रूटीन जांच के तहत छापेमारी की बात कह रहे एसडीएम
- एसडीएम ने कारा अधीक्षक को कैदियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा

**केटी न्यूज/बक्सर**





पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने शनिवार को बक्सर केन्द्रीय कारा के कैदी वार्ड में छापेमारी की। बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र व सदर एसडीपीओ गोरख राम के नेतृत्व में कुल आठ थानों की पुलिस ने कैदी वार्ड का चप्पा-चप्पा खंगाला। करीब दो घंटे तक चली इस छापेमारी में आपत्तिजनक कोई भी सामान बरामद नहीं हो सका। अलबत्ता पुलिस को सिर्फ दाढ़ी बनाने वाला रेजर तथा एक सीलिंग फैन का कंडेंसर मिला। इसके बाद छापेमारी करने वाली टीम जेल से बाहर निकल आई। बाहर निकलने के दौरान एसडीएम ने कारा अधीक्षक राजीव कुमार को कैदियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। छापेमारी टीम में एसडीओ व एसडीपीओ के अलावे एएसडीओ दीपक कुमार, सदर बीडीओ दीपचंद जोशी समेत आठ थानों से बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थी। सुबह सुबह छापेमारी होने से कैदियों में हड़कंप मच गया था। बड़ी संख्या में पुलिस बल को देख कैदी सहम गए थे।

मिली जानकारी के अनुसार प्रशासनिक व पुलिस टीम अहले सुबह करीब साढ़े चार बजे केन्द्रीय कारा पहुंची तथा साढ़े छह तक कैदी वार्डो में छापेमारी करते रही। अहले सुबह छापेमारी का मुख्य उदेश्य यह था कि कैदी अपना बचाव नहीं कर सके तथा जेल में यदि कुछ आपत्ति जनक सामान है तो वह बरामद हो सके। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। जेल से कुछ भी आपत्ति जनक सामान नहीं मिलने से प्रशासन की इस छापेमारी पर भी सवाल उठने लगे है। सवाल उठता है कि आखिर इतने तामझाम के साथ साथ जेल में छापेमारी क्यों की गई थी। वरीय पदाधिकारियों के अलावे आठ थानों की पुलिस को इसमें लगाया गया था। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि क्या कही किसी विशेष सूचना पर तो आनन फानन में छापेमारी नहीं की गई थी और यदि गुप्त सूचना पर छापेमारी हुई थी तो कुछ आपत्तिजनक सामान क्यों नहीं मिला। वैसे जेल में बंद कैदियों के पास से अक्सर मोबाईल, चुनौटी तथा अन्य वैसे सामान मिलते रहे है जो जेल नियमों के मुताबिक गैरकानूनी है। लेकिन इस बार वैसा कुछ बरामद नहीं हो सका है।

**समय समय पर जेल में प्रशासन द्वारा की जाती हैछापेमारी - एसडीएमः** इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि यह छापेमारी रूटीन वर्क के तहत की गई थी। उन्होंने कहा कि समय समय पर जेल में प्रशासन द्वारा छापेमारी की जाती है। उन्होंने कहा कि इस उदेश्य अप्रिय घटनाओं को रोकने तथा कैदियों की गतिविधि पर नजर रखना है। एसडीओ ने कहा कि इस दौरान कुछ भी आपत्ति जनक सामान बरामद नहीं हुआ है।

## एक नजर

### नगालैंड मे लोजपा रामविलास पार्टी को मिली जीत पर बक्सर में मना जश्न



**बक्सर।** नगालैंड विधान सभा के चुनाव में लोजपा रामविलास पार्टी की जीत पर स्थानीय लोजपा कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विजयोत्सव मनाया। इस मौके पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा तथा मिठाई खिला नागालैंड की जीत पर खुशी जाहिर की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि नागालैंड विधान सभा के चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि चिराग पासवान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर भारी है। इस चुनाव में लोजपा को दो सीटें मिली है, जो पार्टी के बढ़ते जनाधार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब बिहार में भी महागठबंधन सुपड़ा साफ हो जाएगा तथा 2025 चुनाव में चिराग पासवान का मुख्यमंत्री बनना तय है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार पासवान, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय उर्फ गोलु, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह, युवा जिलाध्यक्ष ओमजी मिश्र, जिला विस्तारक संजीव राय, आईटीसेल जिलाध्यक्ष पप्पु पासवान, लक्ष्मण पासवान, नंदलाल बारी, सुरेन्द्र राम, विक्की पासवान, मनोज सिंह, संग्राम पासवान, रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश पासवान, अरूण पासवान, राजीव रंजन पासवान, सचिन पांडेय, बिकास दुबे, कन्हैया सिंह, मनोज पासवान, बिकास भगत, जयकिशुन पासवान, अनिल सिंह, छोटेलाल पासवान, दिनु सिंह, मगन राय समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आठ सूत्री मांगो के समर्थन में शिक्षकों ने बीआरसी पर दिया धरना

**नावानगर।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के बैनर तले शनिवार को शिक्षकों ने स्थानीय बीआरसी पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन शिक्षकों ने अपनी समस्याओं और विसंगति को लेकर किया। साथ ही सरकार विरोधी नारे लगाने के साथ आठ सूत्री की मांग कर रहे थे। जिसमें अप्रशिक्षित शिक्षकों के बर्खास्तगी पर रोक, एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन कटौती पर रोक, वेतन विसंगति, वेतन उन्नयन, स्नातक ग्रेड एवं प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति, होली पूर्व सभी तरह के शिक्षकों का बकाया, वेतन, अंतर वेतन का भुगतान किया जाने, समान काम का समान वेतन तथा पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य था। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव सह जिला उपाध्यक्ष मो. मुमताज अली ने कंहा अपने हक व अधिकार की रक्षा के लिए शिक्षक अपनी चट्टानी एकता के साथ मांग पूरी नही होने तक प्रदर्शन जारी रखेंगे। वही धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ नावानगर प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा शिक्षकों के प्रति ठीक नही है। सरकार की मंशा को भांपते हुए एक बार फिर संघठन ने आंदोलन का रास्ता एख्तियार किया है। शिक्षकों का यह आंदोलन भी ऐतिहासकि होगा। मांग पूरी नही होने तक शिक्षकों का यह आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन के अंत में शिक्षकों का शिष्टमंडल ने बीआरसी में आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। धरना प्रदर्शन में बिरेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार, संजय कुमार सिंह, मो इमामुदिन, बिनोद कुमार, समेत अन्य शिक्षक शामिल थे।

### होराइजन रिकार्डिग स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**सिमरी।** आशा पड़री क सुंदर पुर मोड़ स्थित होराइजन रिकार्डिंग ऑफ एजुकेशन स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के तहत एकल गीत, नाटक, समूह गीत, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को एडीजे धर्मेन्द्र कुमार ने पुरस्कृत किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन एडीजे धर्मेन्द्र कुमार तथा डा आशुतोष सिंह ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का सबसे अधिक महत्व है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रहे निजी स्कूलों की भूमिका को सराहनीय बताते हुए कहा कि ज्ञान की ज्योति फैलाना सबसे पुनीत काम है। उन्होंने विद्यालय संचालक से बच्चों को बेहतर तथा आधुनिक शिक्षा मुहैया कराने की बात कही। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर भवेश तिवारी, भोला ओझा, मुखिया दिनेश पाण्डेय, प्रेमसागर कुंवर, इंद्रजीत तिवारी, मुन्ना ओझा बंशी पाण्डेय, सत्येंद्र कुमार दुबे, भोला पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

बक्सर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बक्सर नगर इकाई द्वारा शनिवार को परिषद कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान परिषद कार्यकताओं ने पारंपरिक फाग गायन कर परंपरा को जीवंत किया। इस दौरान कार्यकताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी। परिषद कार्यकताओं ने बताया कि होली न सिर्फ भारत का बल्कि दुनिया का सबसे अनोखा त्योहार है। इस त्योहार में लोग आपसी वैर भूल जाते है। मौके पर परिषद के विभाग संयोजक त्रिभुवन पाण्डेय, विवेक सिंह, अमित केसरी, कुंदन राय, रवि रंजन पासवान, अविनाश पाण्डेय, अभिलेख पाण्डेय, खालिद फरीदी, विवेक तिवारी, दीपक, सौरभ ओझा, अभिनंदन, सत्यम समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बक्सर में हत्या कर फेंका मिला छपरा के युवक का शव

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफ्स्सिल थाना क्षेत्र के लाढोपुर नारा के समीप शनिवार की दोपहर एक युवक को शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। शव स्टेट हाईवे के समीप पड़ा था। उसके हाथ पैर को रस्सी से बांधा गया था। जिससे आशंका जताई जा रही है कि कही अन्यत्र उसकी हत्य कर शव को ठिकाने लगाने की नियत से यहां फेंक दिया गया है। दोपहर करीब 12.30 बजे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

उसके पांकेट से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान हुई। मृतक की पहचान छपरा जिला के विशंभपुर सूतिहार गांव निवासी मंगल महतों के 43 वर्षीय पुत्र दीपक महतों के रूप में हुई है। पहचान होने के बाद पुलिस परिजनों को सूचना देने बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल लेकर गई। इधर दीपक की मौत तथा बक्सर में उसका शव मिलने की खबर मिलते ही परिजन आर्श्च में पड़ गए। परिजनों ने बताया कि वह गुजरात में मजदूरी करता है तथा होली पर अपने कुछ दोस्तों के साथ गांव आ रहा था। लेकिन रास्ते से ही वह गायब हो गया।

परिजन अभी उसकी खोजबीन कर ही रहे थे कि मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा उसके मौत की खबर दी गई। शव बरामद होने के बाद पुलिस उसकी जांच में जुट गई है। मृफस्सिल थानाध्यक्ष निर्मल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि कही अन्यत्र हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले का जल्दी ही उदभेदन कर लिया जाएगा।

# होली में अश्लील गीत बजाने पर जाना होगा जेलः एसडीओ

- डुमरांव, मुरार व सिमरी थाने में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक
- लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की हुई अपील

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शनिवार को डुमरांव, मुरार तथा सिमरी थाने में होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डुमरांव थाने में आयोजित बैठक एसडीओ कुमार पंकज के अध्यक्षता में आयोजित हुआ था। जिसमें तय किया गया कि होली में अश्लील गीत नहीं बजाना है। एसडीओ ने स्पष्ट कहा कि किसी को लक्ष्य कर अश्लील गीत बजाने वालों को जेल की हवा खानी पड़ेगी। उन्होंने सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की। वही एएसपी राज ने कहा कि होली के दौरान शराब तस्करों तथा नशेड़ियो पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस विशेष अभियान चला रही है। होली के दिन भी पुलिस हर जगह चौकसी करेगी। एएसपी ने कहा कि होली के दौरान नशे में पाए जाने पर पुलिस गिरफ्तार कर सीधे जेल भेजेगी। इस दौरान सदस्यों ने होली के अवसर पर बिजली पानी की आपूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। नगर परिषद के जिम्मे पेयजल आपूर्ति तथा बिजली कंपनी को बिजली आपूर्ति देने का निर्देश दिया गया। वही कई सदस्यों ने होली के फूहड़ गीतों तथा हुड़दंग पर लगाम लगाने की मांग की। बैठक में बीडीओ संतोष कुमार, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, मोहनजी गुप्ता, अखिलेश सिंह, शारदा तिवारी, भगवानजी वर्मा, अखिलेश केसरी समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे। वही दूसरी तरफ मुरार थाना में थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने का निर्णय लिया। बैठक में मसर्हिया पंचायत के पूर्व मुखिया शिवजी प्रसाद, जदयू नेता सीताराम सिंह, नागेन्द्र सिंह, चंद्रमा चौधरी, दीपू सिंह समेत कई अन्य मौजूद थे। वही सिमरी थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान सदस्यों ने आपसी प्रेम के माहौल में होली मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से हुआ। इस दौरान थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर, सीओ रजत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि नीरज कुमार पाठक, इम्तियाज अंसारी, दिनेश पांडेय, प्रेमसागर कुंवर, अंगद सिंह, धर्मराज चौरसिया व अन्य उपस्थित थे।

### लिटिल लाईट पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में गीत-संगीत व नाटक की प्रस्तुति के जरिये अपनी कला का किया प्रदर्शन

# पढ़ाई के साथ खेलकूद व गीत-संगीत पर भी ध्यान देना जरूरीः बीडीओ

**केटी न्यूज/राजपुर**





शनिवार को प्रखंड के हेठुआ गांव स्थित लिटिल लाइट पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदुबाला सिंह, मुखिया ललन रजक ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कविता कुमारी एवं संचालन निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने किया। बच्चों को संबोधित करते हुए बीडीओ इंदुबाला सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ पढ़ाई बहुत जरूरी है। पढ़ने से ही आदमी ऊंचे शिखर तक पहुंचता है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हर समस्या का निदान करता है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कला एवं अन्य विषयों की भी जानकारी दी जाती है जो सभी शिक्षा का अंग है। पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं गीत संगीत पर भी ध्यान देना चाहिए। बच्चे कल के भविष्य हैं। पढ़कर ही बच्चं अच्छा नागरिक बनकर देश को एक नई दिशा देने का काम करेंगे। विद्यालय की छात्राओं ने शहीद की बेटी गीत पर रिकॉर्डिंग प्रस्तुति कर माहौल को भावविभोर कर दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हास्य नाटक के माध्यम से समाज में फैल रही दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा पर करारा प्रहार करते हुए समाज को जागरूक होने का भी संदेश दिया। बदलते समय के साथ मौसम में हो रहे बदलाव एवं जलवायु परिवर्तन से जहां पूरी धरती तप रही है। ग्रामीण क्षेत्र भी अब उससे अछूता नहीं है। भूमिगत जल स्तर नीचे होते एवं वायुमंडल में घुल रहे जहर से बचाव को लेकर पर्यावरण बचाओ, लोकतंत्र में आस्था के लिए मतदाता जागरूकता पर भी बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को जगाने का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। हमें उन बच्चों को तराशने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंतिम दौर में होली गीत पर बच्चों ने जमकर रंग अबीर गुलाल उड़ाते हुए सामूहिक नृत्य कर होली का आगाज किया। कार्यक्रम में भोजपुरी के ाायक ब्रजेश सिंह ने भी अपने गीतों के माध्यम से लोगों को खूब झुमाया। सभी छात्रों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक सुरेश सिंह, दीपक कुमार, बेचन कुमार, अरविंद कुमार, टुनटुन कुमार, अंजनी कुमारी, नीतू कुमारी, कमलेश कुमार आदि उपस्थित थे।



भागवत गीता

व्यक्ति कर्म करने के लिए ही पैदा हुआ है और बिना कर्म किये कोई रह नहीं सकता।?



# ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाई-वे पर ट्रक का गुल्ला टूटने से मार्ग पर लगी वाहनों की लंबी कतार

- दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को छोड़ अन्य बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से हो गया था ठप
- स्कूल जानेवाले बच्चों को सबसे ज्यादा हुई परेशानी, कई बच्चे बस की बजाय पैदल ही स्कूल को निकले

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





नेशनल हाई-वे पर निमार्णाधीन पुलिया के समीप बने वैकल्पिक मार्ग के बीच बालू लदे ट्रक का गुल्ला टूटने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। आलम यह था कि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को छोड अन्य सभी तरह के बडे वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था। इसके चलते राहगीरों को परेशानियों से जूझना पड़ा। काफी प्रयास के बाद दोपहर दो बजे किसी तरह ट्रक की मरम्मत होने के बाद यातायात सुचारु रूप से बहाल हो सका। सड़क जाम की वजह से छोटे वाहनों को छोड़कर सभी स्कूली व सवारी बसें सहित अन्य बडे वाहन मजबूरी में महज 500 मीटर के फांसले को चंद सेकेंडों के बजाए करीब चार किमी दूर पकडी-रेवतीपुर बाइपास मार्ग से होकर अपने गंतव्य को आ जा रहे थे।

स्कूल सुबह होने के चलते सबसे ज्यादा परेशानी छोटे -छोटे छात्र -छात्राओं को उठानी पड़ी। कुछ को पैदल तो कुछ बाईपास मार्ग घूमकर आ जा रहे थे। इसकी जानकारी होते ही रेवतीपुर थाने की पुलिस चीता दस्ता मौके पर पहुंच गई और यातायात बहाल करने के साथ ही जाम लगने तक मार्ग को डायवर्ट कर यातायात बहाल करने में जुटी रही। लोगों ने एनएच विभाग पर आरोप लगाया कि पुल का निर्माण पूरा न किए जाने व बनाए गये वैकल्पिक मार्ग के जर्जर हालत के कारण आए दिन जाम लगने के साथ ही वाहन अनियंत्रित होकर पलट रहे है। बावजूद महकमा पूरी तरह से मौन साधे हुए है। लोगों ने चेताया कि अगर इस वैकल्पिक मार्ग की दशा नहीं सुधारी गई तो लोग सडक पर उतने को विवश होगें। इसकी जिम्मेदारी महकमें की होगी। इस संबंध में ताड़ीघाट- बारा नेशनल हाइ-वे के एई आशीष पाल ने बताया कि मार्ग को जल्द दुरस्त करा दिया जाएगा। जबकि थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ने बताया कि जाम समाप्त होने के बाद यातायात सुचारु तरीके से बहाल हो गया है।

## खबरें फटाफट

### प्राइवेट पार्ट पर प्रहार कर हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

**गाजीपुर।** एक व्यक्ति के प्राइवेट पार्ट पर हमला कर हत्या करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त मीना देवी पत्नी अमीका राम निवासी ग्राम नौली थाना रेवतीपुर को मुखबिर खास की सूचना पर उसके घर ग्राम नौली थाना रेवतीपुर जिला गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि. शहीर सिद्दीकी, हेका. महेश प्रसाद, का. विनोद कुश, मका. पूजा यादव शामिल रही।

### चलती जीप से कूदने पर अधेड़ महिला की मौत

**बलिया।** रसड़ा क्षेत्र में चलती जीप से कूदने पर एक अधेड़ महिला की मौत हो गयी। वहीं एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे के मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। जानकारी के अनुसार सुभावती देवी 50 वर्ष पत्नी परिखन गोंड निवासी ठैंचा, रतनपुरा, जिला मऊ और मुन्नी देवी 45 वर्ष पत्नी संतोष निवासी करची परूखा, थाना फेफना दोनों महिलाएं मुंडन संस्कार के बाद बलिया से अन्य यात्रियों के साथ जीप से रसड़ा स्थित परसिया गांव जा रही थीं। इसी बीच रसड़ा-मऊ मार्ग के गढ़िया रेलवे क्रासिंग के समीप जीप से धुआं निकलने लगा।

### दी सिविल बार एसोसिएशन और क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने सभा कर बनाई रणनीति

# दी चेतावनी... ग्रामीण न्यायालय की स्थापना हुई तो होंगे गंभीर परिणाम





- अधिवक्ता बोले- केंद्र सरकार की गलत नीतियों चलते ग्राम न्यायालय लागू करने का काम किया गया है
- इसके विरोध में बलिया जिले के वकीलों में आक्रोश व्याप्त

**केटी न्यूज/बलिया**

दी सिविल बार एसोसिएशन तथा क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन की संयुक्त आम सभा क्रिमिनल बार सभागार में हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के विरोध में गठित संघर्ष समिति आजमगढ़ के निर्देशानुसार केंद्र और राज्य सरकार के कानून मंत्री का पुतला कलेक्ट्रेट परिसर में दहन किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने सत्ता में बैठे नेताओं के साथ ही शासन प्रशासन के अफसरों को भी चेतावनी दे डाली। कहा कि ग्रामीण न्यायालयों की स्थापना की गई तो परिणाम सरकार को ही भुगतने होंगे। यही नहीं पहले की तरह न्यायिक अधिकारियों का भी मान सम्मान ग्रामीण इलाकों के न्यायालयों में नहीं बच पाएगा। कहा कि पहले भी तहसील से मुंसफी न्यायालय था। इसी वजह से वापस लाया गया था कि किसी पुलिस सब इंस्पेक्टर द्वारा वहां न्यायिक मजिस्ट्रेट को ही बेइज्जत करने का कार्य किया गया था।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों चलते ग्राम न्यायालय लागू करने का काम किया है। इसके विरोध में जिले के वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि हम केंद्र सरकार की ऐसी नीतियों का हम पूर्णरूपेण विरोध करते हैं। सरकार द्वारा पारित इस आदेश के खिलाफ पुतला दहन कर हम अपना आक्रोश प्रदर्शित कर रहे हैं। इस मौके पर केंद्र तथा प्रदेश सरकार की गलत नीतियों का जोरदार विरोध किया गया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि किसी भी सूरत में ग्राम न्यायालय की स्थापना हम नहीं होने देंगे। सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे ने कहाकि केंद्र हो या राज्य सरकार काला कानून किसी भी सूरत में लागू कर थोप नहीं सकती है। अगर ग्राम न्यायालय के नाम पर इस तरह का काला कानून वाला एक्ट पारित किया गया तो हम भी उसका विरोध करते रहेंगे। उस समय क्यों नहीं लागू किया गया। जब अधिक जरुरत थी, आखिर वर्तमान परिवेश में ग्राम न्यायालय की स्थापना की कौनसी जरूरत पड़ गई। क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि हर हाल में सरकार का ही नुकसान होना तय है। ऐसे में सरकार को अपने पूर्व के निदेर्शों को वापस लेना होगा। अन्यथा की दशा में हम सरकार का हर मंच पर विरोध करेंगे आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इसका विरोध किया जाएगा इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने कहा कि सरकार अगर चेती तो हम आने वाले लोकसभा चुनाव में सरकार के खिलाफ बटन दबाएंगे। इस मौके पर बार के महासचिव अनिल कुमार मिश्रा, कुबेर नाथ पांडेय, सत्येंद्र कुमार सिंह, कमलेश यादव, श्री शंकर राम फौजदार, अखिलेश सिंह, वरुण पाण्डेय, सोनू गुप्ता, उमाशंकर तिवारी, अभिषेक मिश्रा, विवेकानंद पांडेय, संजय राव आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल के नाम खरीदी गई भूमि पर दर्ज हो गया राष्ट्रपति का नाम

- तहसीलदार बोले, कंप्यूटर ऑपरेटर की भूल के चलते ऐसा हुआ, गड़बड़ी होगी दूर

**केटी न्यूज/बैरिया**

सदर तहसील के गंगापुर में कटान पीड़ितों को आवासीय पट्टे के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए राज्यपाल के नाम खरीदी गई जमीन पर सदर तहसीलदार कार्यालय द्वारा राज्यपाल की जगह राष्ट्रपति का नाम दर्ज कर देने से कानूनी अड़चन पैदा हो गई है। राष्ट्रपति के नाम दर्ज जमीन का आवंटन कटान पीड़ितों में राज्य सरकार कैसे कर सकता है, यह सवाल उठ रहा है।

जनवरी 2022 में उत्तर प्रदेश सरकार ने 63 लाख रुपये में जिलाधिकारी के माध्यम से भूमि रम्भा देवी निवासी रामगढ़ से खरीदी थी। एक वर्ष बाद फरवरी 2023 में जमीन के नामांतरण का आदेश तहसीलदार के आदेश से जारी किया गया। लेकिन, राज्यपाल की जगह राष्ट्रपति के नाम जमीन का नामांतरण कर दिया गया। ऐसे में जिला प्रशासन कैसे इस जमीन को आवासीय पट्टे के रूप में कटान पीड़ितों को आवंटित करेगा, सवाल उठ रहा है। इस बाबत तहसीलदार सदर निखिल शुक्ल ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर की भूल के चलते राज्यपाल की जगह राष्ट्रपति का नाम दर्ज हो गया है। राष्ट्रपति के नाम दर्ज जमीन राज्यपाल के नाम की जाएगी। कटान पीड़ितों की सूची मांगी गई है। सूची उपलब्ध होते ही कटान पीड़ितों को उस जमीन पर बसा दिया जाएगा।

## एक नजर

### बलिया जिले में अगले दो माह तक के लिए धारा-144 लागू, जुलूस निकालने पर रोक

**बलिया।** बोर्ड परीक्षा तथा आगामी त्यौहार होली, शबे बरात, रामनवमी, महावीर जयन्ती तथा ईद-उल-फितर को दृष्टिगत रखते हुए जनपद सीमा के भीतर निवास करने वाले तथा आने-जाने वाले समस्त व्यक्तियों के लिये 02 मार्च से 30 अप्रैल तक आगामी दो माह तक के लिए धारा-144 लागू किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार ने बताया है कि जनपद सीमा के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक समूह के रूप में एक साथ एकत्रित नहीं होगे और न ही कोई जुलूस निकालेगें और न ही कोई धरना प्रदर्शन करेगा और न ही कोई ऐसी अफवाह फैलायेगें, जिससे शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। विशेष परिस्थितियों में जुलूस आदि के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। यह प्रतिबन्ध परम्परागत, सामाजिक या धार्मिक संस्कारों एवं रीति-रिवाज तथा जुमे की नमाज पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे लाठी, डण्डा, चाकू, भाला, फरसा,बन्दूक, राइफल रिवाल्वर, पिस्टल आदि आग्नेयास्त्र या अन्य धारदार हथियार एवं किसी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ को लेकर नहीं चलेगा और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिकता भड़काने वाले पोस्टर, बैनर, कटआउट आदि न तो लगायेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति ऐसी अफवाह अथवा ऐसा नारा नहीं लगायेगा और न ही ऐसा पर्चा छापेगा और न बटवायेगा जिससे किसी वर्ग विशेष की भावना को ठेस पहुंचे और न ऐसा करने के लिए किसी अन्य को प्रेरित करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### प्राचीन बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में रंगभरी होली के साथ मां पार्वती का हुआ गवाना

**बलिया।** जिले की प्राचीन बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में शुक्रवार की देर रात तक रंगभरी होली के साथ मां पार्वती का गवाना हुआ। शास्त्रों के अनुसार



महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। जिसके बाद एकादशी के दिन यानी विवाह के कुछ ही दिन बाद गवना का रस्म भी अदा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे शिव भक्तों ने माता पार्वती को कन्धे पर विदा किया। साथ ही मंदिर में रंगभरी एकादशी का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगो ने जम कर रंग गुलाल की होली खेली इस शुभ अवसर पर शिव भक्तों ने भगवान शिव के गगन भेदी जयकारे भी लगाए। इस अवसर मंदिर परिसर में सैकड़ो शिवभक्तों और हर हर महादेव के जयकारे लगाए गए। सुरक्षा की दृष्टि भारी संख्या में पुलिस के जवान साक्षी बने और भगवान के भक्ति में झूमते नजर आये।

### मऊ में पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**मऊ।** होली के त्योहार को लेकर क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त व सुदृण बनाये जाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च व मतदान निरिक्षण के दौरान ग्रामीणों से भी जगह-जगह वार्ता कर उन्हें खुशनुमा माहौल में त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने सभी को आगाह किया की त्योहार के दरम्यान कोइ भी किसी तरह की उपद्रव करता है तो इसकी सूचना तत्काल दे ऐसे व्यक्तिओ के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज होना तय है। जिला प्रशासन के निर्देश पर कोपागंज थाना क्षेत्र के कस्बा नगर पंचायत कोपागंज,अदरी, कुथीर्जाफरपुर, में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। वही ,थानाध्यक्ष कोपागंज अमित कुमार मिश्रा ,एस आई आरएन पाण्डेय द्वारा शिवपुर गाड़ा व कोपागंज कस्बा के चौक भरत मिलाप चमन रोड होते हुए हूँसापूरा मोहल्ले में फ्लैग मार्च कर लोगो से भी बात-चित करते हुए उन्हें पूरी निर्भीकता से होली व शबे बारात का त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया। उधर थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहार पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा उपद्रव कर त्योहार पर खलल डाला जाता है तो उसकी खैर नहीं। ऐसे व्यक्तिओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# मऊ में मुख्तार अंसारी के मकान पर चला बुलडोजर

**केटी न्यूज/मऊ**



मऊ में मुख्तार अंसारी के दोनों बेटे अब्बास अंसारी और उमर अंसारी का दो मंजिला मकान शुक्रवार को डीएम के आदेश पर गिरा दिया गया। बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराया गया था। शाम चार बजे के बाद हुई कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। मुख्तार अंसारी के दोनों बेटों का दो मंजिला मकान नगर क्षेत्र के थाना दक्षिण टोला क्षेत्र के जहांगीराबाद में मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। जिसको शुक्रवार को प्रशासन ने गिरवा दिया। नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्तार अंसारी के दोनों बेटों के नाम से एक दो मंजिला मकान है, जिसके नीचे बेसमेंट भी बना हुआ है। यह मकान बिना नक्शा पास कराए बनवाए गए थे। परिणाम स्वरूप नियत प्राधिकारी द्वारा इस बिल्डिंग को अवैध मानते हुए ध्वस्त करने का आदेश पारित किया गया। जिसके बाद जिला अधिकारी के यहां अपील की गई, जो कि बल हिन होने के कारण निरस्त कर दी गई है। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नगरपालिका के अधिकारी और तीन थानों के इंस्पेक्टर और पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# समस्याओं का गुणवत्ता परक करें निस्तारण: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने रसड़ा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने सभी की समस्याएं बारी-बारी से सुनी और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी के समक्ष सबसे अधिक भूमि विवाद के मामले आए जिसके संबंध में निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के मामले में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौके पर मुआयना करके मामले का निस्तारण करें और दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुने।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के सामने राशन कार्ड,बिजली,पानी और सुरक्षा से संबंधित मामले आए। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंदर मामले का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि लोगों की शिकायतें जरूर सुनी जाए और उसके निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही की जाए जिससे कि लोगों को भटकना न पड़े।

संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सर्वेश यादव, क्षेत्राधिकारी फहीम के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### रेवतीपुर ब्लॉक के नवली गांव में प्रधान पद के लिए हुआ था उपचुनाव, कुल डाले गए 14170 में से 153 वोट अवैध घोषित

# उपचुनाव : जेल में बंद पूर्व प्रधान जमशेद राइनी की पत्नी शमीमा बेगम जीतीं

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





रेवतीपुर ब्लाक के नवली गांव में दो दिन पहले हुए चुनाव की मतगणना शनिवार को रेवतीपुर ब्लॉक में संपन्न हुई। जिसमें विकास खंड क्षेत्र के नवली गाँव के प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में जेल में बंद पूर्व प्रधान जमशेद राइनी की पत्नी शमीमा बेगम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवरतन को 609 मतों से पराजित कर जीत हासिल किया।

शनिवार को मतगणना समाप्त होने के बाद इसकी घोषणा रिटर्निंग अधिकारी गौरव द्विवेदी एवं सेवराईं एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया ने नवली की नवनिर्वाचित महिला प्रधान शमीमा एवं उधरनपुर गाँव की निर्विरोध नवनिर्वाचित प्रधान कंचन देवी को जीत का प्रमाण पत्र दिया। मतगणना सुबह आठ बजे कडे सुरक्षा के बीच शुरू हुई, जो ढाई बजे समाप्त हो गई। यह मतगणना नौ चक्र तक चली जो तीन टेबलों पर हुई,कुल 14170 वोट में से 5861 वोट पडे थे। जिसमें 153 अवैध रहे। जबकि 2142 मत पाकर शमीमा बेगम पहले स्थान पर जबकि 1533 वोट पाकर शिवरतन दूसरे एवं 1330 मत पाकर ओमप्रकाश को तीसरे स्थान से संतोष करना पडा। इस अवसर सीओ विधि भूषण मौर्य, प्रशिक्षु डीएसपी शेखर सेंगर, सचिव विनित राय, रजनीकांत पांडेय, सुरेश, वीडीओ सुरेन्द्र सिंह राणा, रेवतीपुर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, सुहवल थानाध्यक्ष वागीश बिक्रम सिंह, गहमर थानाध्यक्ष पवन उपाध्याय सहित एलआईयू आदि मौजूद रहे।

CMYK